
पैलो संस्करण
सन् १९६०

दाम ४)

मुद्रक
नेशनल प्रिंटिंग प्रेस
जयपुर



डॉ. एल. पी. टैसीटोरी

समर्पण

राजस्थानी साहित्य अर भाषा

रा

प्रवीण पारखी

डॉ. एल. पी. टैसीटोरी

री

पावन यादगारी

ने

घणा मान सूं भेंट

रानी लक्ष्मीकुमारी चूंडावत

की ओजस्वी साहित्य साधना के लिये

महामान्य राष्ट्रपति

डा० राजेन्द्र प्रसाद

की

शुभ कामना



राष्ट्रपति भवन
नई दिल्ली,
३ मार्च, १९५८

मैंने रानी लक्ष्मीकुमारी चूंडावत द्वारा रचित राजस्थानी साहित्य सम्बन्धी पुस्तकें देखीं और उनके अवलोकन से मुझे खुशी हुई। राजस्थान के वीरतापूर्ण इतिहास में किसी भी लेखक को अनुप्राणित करने की क्षमता है। रानी लक्ष्मी कुमारी वहीं के वातावरण में पली हैं और राजस्थान के आदर्शों तथा मर्यादा ने उनकी कल्पना और रचना शैली को प्रभावित किया है इसलिये उनकी गद्य तथा पद्य की रचनाओं में ओज है। मुझे आशा है कि ये पुस्तकें लोकप्रिय होंगी। लेखिका के प्रति मैं अपनी शुभ कामनायें प्रकट करता हूं।

भूमिका

हमारा प्राचीन साहित्य अपने पूर्वजो से प्राप्त परम्परागत महत्त्वपूर्ण सम्पदा है। इस सम्पत्ति का मालिक कोई-प्रान्त या राष्ट्र ही नही विश्व का प्रत्येक मानव इसका समान रूप से भागीदार है। विश्व भर में साहित्य दो प्रकार का मिलेगा। एक वह साहित्य जिसको विकसित मानव समाज ने जन्म दिया और दूसरा वह जिसकी सृष्टि लोक-जीवन से हुई।

वैदिक काल से लेकर आज तक मनुष्य ने विकसित साहित्य के सरक्षण और संवर्द्धन के लिए काफी प्रयत्न किये पर यह विकसित समाज लोक-जीवन के लोक साहित्य की क्षमता को सही रूप मे नही पहचान पाया। वास्तव में लोक-साहित्य ही सभी प्रकार के साहित्य और कला का आदि स्रोत है। जिस प्रकार हमारे हाव-भाव और सकेत मानव भाषाओं के आदि जनक हैं। आज का मानव तरह तरह के भौतिक पदार्थों का जिस प्रकार अनुसधान कर रहा है वैसे ही लोकगीत, गाथा, सगीत, कला, लोक जीवन के रीति-रिवाज तथा परम्पराओ के अन्वेषण और अध्ययन की अत्यन्त आवश्यकता है। बहुत-से देशो ने इस क्षेत्र में प्रशसनीय प्रगति की है पर हमारे देश को इस दिशा में विशेषतया

प्रयत्नशील होना चाहिये। लोक साहित्य मानव जीवन का प्रतिबिम्ब है। इन गीतो, गाथाओ, लोकोक्तियों और मुहाविरो में सदियों पुरानी सस्कृति और इतिहास छिपा हुआ है।

महत्त्वपूर्ण खूबी लोक साहित्य में यह है कि मानव जीवन का वास्तविकतापूर्ण चित्र इसमे चित्रित मिलेगा। गुण, दुर्गुण, सद्भावनायें, असद्भावनायें, उत्थान एव पतन सभी कुछ नैसर्गिक रूप में मिलेगा। कही भी कृत्रिमता नही। लोकगीत और गाथायें उच्च से उच्च भाव की मिलेंगी और निम्न से निम्न भाव की। जिस प्रकार मानव ने पावूजी, सोरठ, ऊजली आदि गाथाओ को और कुरजा, मूमल और पणिहारी जैसे गीतो को जन्म दिया वैसे ही लाल केसिया जैसे गीतो और छिनाळ राड जैसी गाथाओ की भी सृष्टि की। इनमे से हमे ग्राह्य को ग्रहण करना है और अग्राह्य को छोडना है। जिस प्रकार प्रगतिशील मानव ने गाय, घोडा, हाथी, भैंस आदि जानवरो को अपनाकर अपने योग्य बनाया और मच्छर तथा खटमल को अग्राह्य समझ कर छोड ही नही दिया बल्कि नष्ट करने के लिये निरंतर प्रयत्नशील रहता है।

उच्चतम और निम्नतम लोक साहित्य की सृष्टि की आड में एक महान सत्य अन्तर्निहित है कि मानव ऊ चा उठना चाहे तो आकाश का कोई माप दण्ड नही और नीचे गिरना चाहे तो पाताल की कोई सीमा नहीं। आरम्भ काल से उच्च और निम्न सभी प्रकार के प्राणी इस ससार में उत्पन्न होते थे और होते हैं इसलिए उच्च और निम्न भावनाओ तथा साहित्य की सृष्टि स्वाभाविक है। मनुष्य ने आज तक श्रेष्ठ से श्रेष्ठ और भ्रष्ट से भ्रष्ट कार्य किये हैं। उन सभी क्रियाकलापो का हूबहू

चित्र लोक साहित्य में मिलेगा।

विश्व के प्रत्येक स्वर, व्यजन, ध्वनि और सकेत का अपना अपना इतिहास है। मत्स्यावतार युग का जलचर मानव, वृक्ष विहारी वानर से आज की मजिल तक पहुँचा है। युग युग से संघर्ष करते आये मानव ने आकाश, पाताल और धरातल, त्रिभुवन के स्थावर जगम सभी तत्त्वो को अपने कर्मठ प्रयत्नो से प्रभावित किया है। जहां तक इसकी कल्पना उडी वहां तक यह मानव पहुँचा है। पेड पौधे, पशु पक्षी, खेत खलिहान नदी निर्झर, सागर, मणि माणिक्य, वन उपवन, सूर्य चन्द्र और नक्षत्र सभी भौतिक और काल्पनिक तत्त्व मानव संस्कृति के अग और आधार हैं। मानव जीवन के विलुप्त रहस्यो को जानने के लिये प्रकृति के सभी चराचर पदार्थों से हमे निकट सम्पर्क स्थापित करने की आवश्यकता है। लोक जीवन के अर्थहीन कहे जाने वाले शब्दों और ध्वनियो के अर्थ समझने जरूरी हैं। इन अर्थहीन शब्द सकेतों के अर्थ हमारे शब्दकोपो में नही मिलेंगे। इन्हें समझने के लिये हमे लोकजीवन और लोक साहित्य को समझने की आवश्यकता है। तथाकथित अविकसित मानव ही युगो से आज तक इस ऐश्वर्य का शक्तिशाली संरक्षक बनकर खडा है। दादी नानी के गीत और गाथाओ के साथ हमारा बचपन पलने में झूलता है। इन्ही गीत और गाथाओ के साथ यौवन मे रंग आता है और इन्हीं को आधार बनाकर वृद्धावस्था के दिन बीत जाते हैं। शैशव, यौवन और बुढापे के परम्परागत साथी इन गीतो और गाथाओ की हम उपेक्षा कैसे कर सकते हैं। यदि हमारी दादिया एव नानिया ऐसे ही विकसित हो जातीं और शहरो मे रहने वाले मुट्ठी भर मनुष्यो

की तरह सारे मानव सुसस्कृत हो जाते तो मानव जाति की यह परम्परागत सम्पदा ही लुट जाती। लेकिन यह असम्भव है, सस्कृति और साहित्य को नष्ट करने वाली शक्ति न तो आज तक ससार में पैदा हुई है और न होगी ही। आर्यों और अनार्यों के सघर्ष से लेकर ग्रीक, शक, हूण, मुसलमान और फिरगियो तक कितने ही आक्रमण भारत पर हुये पर सदा सघर्ष ही नही किया जाता एक न एक दिन निर्णय का आता है। न्याय और अन्याय, सत्य और असत्य के विग्रह में अन्तिम विजय सदा न्याय और सत्य की ही होती है। इस विजय की अन्तिम मजिल तक पहुँचने में देर भले हो हो पर अन्धेर नही। सभी आक्रामक जातिया हमें कुछ देकर गई और कुछ लेकर। इनमें से बहुत से लोग यहा बस गये। इनसे हमारे रक्त का आदान-प्रदान हुआ और सस्कृति, साहित्य, भाषा एव कला का भी। बहुत सी जातिया तो ऐसी मिल गई कि उनका अलग अस्तित्व ही नही रहा। मुसलमानों से सम्बन्धित सघर्ष और प्रेम का ओजस्वी स्वरूप हमारे साहित्य में मिलेगा। लोक जीवन और लोक साहित्य जितना भावनापूर्ण है उतना ही तथ्यपूर्ण है इसलिये हमारे सघर्ष और सम्पर्क का सही सही रूप इनमें मिलेगा।

हमारे लोकगीत और गाथायें दो प्रकार की मिलेंगी। एक तो वे गाथायें और गीत जो घर घर प्रचलित हैं और दूसरे प्रकार के वे जिन्हें पेशेवर लोग चारण, भाट, कवि, ढोली, ढाढी, बडवे और कलाकार आदि सुनाते हैं। युग युग से चले आये इन गीत और गाथाओं में युगानुकूल परिवर्तन और परिवर्द्धन भी होता रहता है। इनका स्रष्टा कोई एक मानव नहीं

बल्कि लोक जीवन ही इनका स्रष्टा है। इन्हीं के सहारे युग युग से मानव चला आ रहा है। इन्ही से हमारी मान्यताओ का जन्म होता है। जिन्हें हम उत्कृष्ट काव्य, साहित्य, कला और सस्कृति कहते हैं वे सब इनके ही अंग प्रत्यग हैं। लोक जीवन और लोक साहित्य जैसी नैसर्गिकता मानव जीवन में कही नहीं मिलेगी। यहा मानव केवल मानव है। वर्ण व्यवस्था ने भिन्न भिन्न जातियो को हमारे देश में जन्म दिया और विभिन्न मान्यताओ ने भिन्न भिन्न धर्मों को जन्म दिया इसलिये हमारे गीत और गाथायें विभिन्न जातियो और धर्मों से सम्बन्धित मिलेंगी। स्वभाव, मान्यता और कर्तव्य के पीछे मानव के गुण दुर्गुण उत्पन्न होते हैं।

राजा, पडित, पुरोहित, साधु, बाबा, जोगी, जती, नवाब, बादशाह, मौलवी, जाट, कुम्हार, तेली और चमार आदि के साथ साथ पशु, पक्षी, दैत्य, राक्षस, भूत प्रेत, पूर्व जन्म, यह जन्म और भावी जन्म इस प्रकार लौकिक और काल्पनिक जो भी कुछ है वह गीत और गाथाओ का विषय है पर इनकी गति और निष्कर्ष को हम मानवता से ही ओतप्रोत पायेंगे। सुसस्कृत मानव ने जो कृत्रिम सीमायें बनाई वे लोक साहित्य मे टूटी हुई मिलेंगी। लोक साहित्य बधनमुक्त हैं। इस साहित्य के चराचर सभी मे मानवता प्रतिष्ठित मिलेगी। तोता मैना, शेर बघेरे, पर्वत, नदी निर्झर सब मानव की ही तरह बोलते हैं एव अनुभूति रखते हैं। सस्कृत साहित्य में भी इसी प्रकार चराचर के साथ मानव की आत्मीयता मिलेगी। क्रौंच पक्षी के कारूणिक विरह ने आदि काव्य और आदि कवि को जन्म दिया। वही क्रौंच पक्षी राजस्थानी गीतो और

गाथाओ का जीवन है। कालीदास के प्रसिद्ध नाटक अभिज्ञान शाकुन्तल के पात्र वन उपवन, वन ज्योत्सना, माधवी लता, भ्रमर, कोयल, चकवा, चकवी और आम्रमजरी नायक और नायिका, दुष्यन्त और शकुन्तला से कम महत्त्वपूर्ण नही है। दुष्यन्त की दुर्बलता को छिपाने के लिये विस्मृति की कल्पना कर उसे आदर्श चरित्र बना दिया गया है। उच्च सस्कृत साहित्य मे जीवन, लोक साहित्य की ही तरह श्री सम्पन्न मिलेगा इसी लिये वह युग युग से अजर अमर है। अनादिकाल से चला आया यह विश्व ब्रह्माण्ड, यह मानव अत्यन्त रहस्यपूर्ण है। लोक जीवन और लोक साहित्य मे इन सभी उलझे हुए रहस्यो का मनोरजक रहस्योद्घाटन दिखलाई देगा। पूर्व जन्म का सम्बन्ध आज के जीवन से और आज के जीवन का सम्बन्ध भावी जन्म से बडे चमत्कारपूर्ण ढग से जुडा हुआ मिलेगा। सुकृत्यो की प्रशस्ति के साथ कुकृत्यो के लिए गम्भीर रोष मिलेगा पर साथ ही पूर्व जन्मो के लेखे जोखे चुकाने को एक को सुकृत्य और एक को कुकृत्य करने पडते हैं। इस प्रकार की अनिवार्यता के कारण कुकर्मों के लिये मानव के हृदय मे क्षमा की भावना जागृत हो उठती है। अज्ञात काल से आज के युग तक और आज के मानव तक एक शृखला जुडी हुई मिलेगी। इस साहित्य में चराचर और मानव मे कोई भेदभाव नही। यहा ज्ञात एव अज्ञात पदार्थ और भाव सभी एक दूसरे के अ ग प्रत्यग हैं।

लोक साहित्य के पात्र लौकिक और अलौकिक सभी प्रकार के होते हैं। शिवजी ने पार्वती की अनुनय विनय पर अपने कमडलु से पानी छिडक कर मृत मानव को जीवित कर दिया, एक जादूगरनी ने अपने प्रेमी को

सदा अपने पास रखने के लिये मनुष्य से तोता बना लिया, एक भूत गगनचुम्बी महल उठा लाया और एक राजकुमार समुद्रो पार उडकर चला गया और वहां से धन वैभव के साथ साथ सुन्दरी राजकुमारी को ब्याह लाया आदि सभी अलौकिक और असाधारण घटनायें साहित्य मे सूर्योदय की तरह सत्य हैं। जिनको हम गप्प कहते हैं वे भी पूर्णतया सत्य हैं। इनके सत्य की कसौटी ही अलग है। इनके सत्य का ससार भिन्न है और मूल्याकन की विधि एव प्रणाली भी भिन्न है। मानव के भावना और कल्पना ससार मे इस प्रकार की सभी बातें शत-प्रतिशत सत्य हैं। ये अलौकिक और असम्भव तथ्य ही मानव जाति को असीम महत्वाकांक्षा की तरफ अग्रसर करते हैं। आज मानव चन्द्रमा आदि कुछ ग्रहो के रहस्य जानकर वहा आबाद होने की कल्पना कर रहा है, कल नियति के और नये नये रहस्यो को जानेगा। अपने शक्तिशाली पखो से उड कर आज का मानव आकाश के सभी रहस्यो का ज्ञान प्राप्त करना चाहता है और पाताल मे धस कर सारे तत्त्व और तथ्य जानने को व्यग्र है। पीढ़ियो से अपने आपको और विश्व को जानने के लिये मानव निष्ठावान है। इन निष्ठाओ की जननी लौकिक और अलौकिक भावनायें और कल्पनायें ही हैं। इनकी प्रेरणायें ही मानव ससार की प्राणप्रद शक्ति है। कल तक जो बातें दादी नानी की कहानियो की कल्पना मात्र थी वे आज परम सत्य बन गई हैं। आज की कल्पनायें कल तक महान सत्य का रूप धारण करलें इसमें कोई विस्मय की बात नहीं। नियति की महत्ता और मानव की क्षमता की कोई कल्पना नही की जा सकती। जिस प्रकार सभी दिशाओ में मानव

आगे वढ़ रहा है उसी प्रकार कल्पना जगत में भी आगे वढ़ेगा। अलौकिक को मानव लौकिक वनाता जा रहा है वैसे ही अलौकिक कल्पनाओ को भी आगे वढना होगा। अजर और अमर वने रहने की कल्पना को मानव लौकिक सत्य प्रमाणित करने जा रहा है पर अजर अमर हो जाने पर और भी कल्पनायें करनी पडेंगी। विना कल्पना और भावना के मानव जाति जीवित नही रह सकती। सभी भावनायें और कल्पनायें सत्य ही नही है वल्कि मानव को और ससार को गतिशील रखती है। यह गति ही जीवन है।

राजस्थानी लोक गीतो की तरह लोक गाथा साहित्य भी अत्यन्त विशाल और समृद्ध है। राजस्थानी गाथायें दो प्रकार की हैं। एक प्राचीन साहित्यिक लिपिवद्ध कहानिया और दूसरी घर घर प्रचलित लोक गाथायें। दोनो ही प्रकार की कहानियाँ वोलकर सुनाई जाती हैं। लिखी हुई कहानियो को भी पढने मे वह आनन्द नही आता। लिपिवद्ध तो केवल इसलिए की जाती थी कि आवश्यकता पडने पर याद करली जायें। दोहे आदि भूलने पर इनसे मदद मिल जाती है। कहानिया सुनने के शौकीन लोग भी इन्हें लिखवा लेते थे। दोनो ही प्रकार की कहानियो में रस का परिपाक तभी होता है जव कह कर सुनाई जायें। लिपि वद्ध गाधायें भी हूवहू वैसी की वैसी नही सुनाई जाती उनमें भी काफी परिवर्तन, परिवर्द्धन कहने वाला करता रहता है। कहने वाला सभी पात्रो का एक प्रकार से अत्यन्त सफल अभिनय करता जाता है। एक ही आदमी वहादुर, कायर, प्रेमी, प्रेमिका तथा पशु पक्षी आदि सभी

का पार्ट इस खूबी से अदा करता है कि सारा वातावरण प्रभावित हो उठता है। ऐसा महसूस होता है कि जैसे सब घटनायें आखो के सामने से ही गुजर रही हैं। इस प्रकार इन कहानियो को गायन और नाटक का सम्मिश्रण समझना चाहिए। इनमे पात्र केवल दो ही होते हैं। एक कहानी कहने वाला और दूसरा हूकारा देने वाला। कहने वाला कहानी कहता रहता है और साथ साथ सभी पात्रो का अभिनय करता रहता है। हूंकारा देने वाला अपने प्रोत्साहन पूर्ण हूंकारों से कहानी को गति और उत्साह प्रदान करता है। तभी तो कहा गया है, "बात में हूंकारो फौज में नगारो।" बात कहने वाले का अपना व्यक्तित्व होता है, अपनी शैली होती है। बात कहते कहते बात ही बात में वह अपने अनुभव का पुट भी लगाता रहता है। सुनने वालो का व्यक्तित्व भी बात मे रस भरता है। हूकारा देने वाला भी बात में प्राण डालता है। बात के बीच बीच में बात कहने वाला और हूंकारा देने वाला, सुनने वालो का नाम लेकर उनके जीवन से सम्बन्धित खास घटनाओ की तरफ सकेत करते जाते है। इससे सुनने वालो को आप बीती घटनायें याद आने लगती हैं। मन में गुदगुदी पैदा हो जाती है। कभी मीठे व्यग की चुटकिया कहानी को सलोना बना देती है। इस तरह से बात कहने और सुनने मे कई व्यक्तियो का व्यक्तित्व सम्मिलित होकर बात को सजीव और सरस बना देता है। बात कहना एक कला है तो हूकारो देना भी एक कला है।

कहने वाला "वडदाव" देना प्रारम्भ करता है तो चारो ओर सन्नाटा छा जाता है।

वात भली दिन पाधरा, पिंडज पाका घोर
घर भीडल घोडा जणें, लाहू मारे चोर
वात कैता वार लागे, हूकारे वात मीठी लागे
वात में हुंकारो, फोज में नगारो
सार वाह, सार, पलमा नहीं लगाव
माता सा घोडा, पातळिया असवार
वातां हदा मामला, नदिया हदा फेर
वहता ज वहे उतावळा, घरमर घाले घेर
आधाक नर सोवे, आधाक नर जागे
जागता री पागडी, ढोल्या रे पागे
सूता री पागडी, उचक्का ले ले भागे
वात रा चालणा, सजोग रा पीवणा
जीवो वात रा केवणिया, जीवो हूंकारा रा देवणिया

कहानी कहने के इस आकर्षक नाटकीय प्रारम्भ से सभी श्रोता उसकी तरफ आकृष्ट हो जाते हैं और कहानी सुनने के लिए उत्सुकता से प्रतीक्षा करने लगते हैं। ऐसे ऐसे वडदाव सभी कहानियो से पहिले दिये जाते है। प्राचीन साहित्यिक कहानियो के कहने वाले कुछ कोटि के कलाकार नायिका की प्रशसा में प्रारभ में और समय समय पर वीच में उसकी गुण गरिमा की प्रशस्तियां कहते जाते हैं। जिससे नायिका का व्यक्तित्व आखो के सामने प्रत्यक्ष खडा हो जाता है।

हाम काम लोचनी
विखायत री भालो

सती रो नाळेर
कुळ गांव री होळी
जैपुर री दीवाळी
बूबना री वैन
जले री साळी
पटक्योडी नागण
उळझियोडो रेसम
थाको विलखो हस
गडां रो कुटियोडो काग
ठरड़े री मोडियाण
आकास रो परेवो
भाटियां रो जाखोडो
गुजराती आवे री लूम
उत्तर रो वायरो वाजे तो दिखण ने लुळ जावे
दिखण रो वायरो वाजे तो उत्तर ने लुळ जावे
चारू कूट रो वायरो वाजे तो टूक टूक व्हे जावे
चावळ रो चौथो हिस्सो खावे तो पेट दूख ने मर जावे
पाळा रा परतला में कोस पचास जावे
अमलदार रे धक्के पड़े तो मावा में ही गिट जावे

प्रेमी प्रेमिका को छोड़कर अपने काम पर जाता है तो प्रेमिका उसके विरह को सहन नही कर सकती, उसके बिना रह नहीं सकती। इस बात को कलाकारो ने बडा विनोदपूर्ण रूप दिया है। जाते हुए प्रियतम

से प्रेमिका कहती है

था ने घडी एक नी देखूं तो दूध में डूब ने मर जावू
लाडू पतासा खाय मर जावू के जाजम में गिडक ने मर जावू
पूणी की फासी खाय न मर जावू
था बिना घडी एक नीं आवड

कहानियो की तरह गप्पें भी सुनाई जाती है इन गप्पो में हास्य रस का पूर्ण परिपाक होता है। सुनने वाले हसते-हसते लोटपोट हो जाते हैं। गप्पें सुनाना प्रारभ करने से पहिले बडदाव भी इसी प्रकार गप्पपूर्ण दिया जाता है।

सार रा चणां मसरके फूटे
भैंसा री कमर मुक्की सू टूटे
भाखडी रा काटा ने साडी सोळा हाथ
कीडी रो धक्को ने माछर री लात
राम बचावे तो बचे नी बचे परभात

पुराने जमाने मे राजस्थान मे अफीम खाने का बहुत प्रचार था। यह परिपाटी सैकडो वर्षो से चली आ रही थी। राजा महाराजा अमीर उमरावो से लेकर साधारण जन ही क्या साधु फकीर भी अफीम खाते थे। शराब से ज्यादा प्रचलन अफीम का था। मेवाड में और हाडौती में बहुत अफीम पैदा होती थी। आज भी अफीम की उपज के लिए हाडौती बडा केन्द्र है। अफीम खाने का रिवाज इतना ज्यादा था कि आज के सौ डेढ़ सौ वर्ष पहिले मेवाड के शीशोदिया राजपूत शराब नही

पीते थे और अफीम ही खाते थे। कर्नल टॉड ने अमल में मस्त सरदारों की चर्चा की है। राजस्थानी पुरातन साहित्य अमल के रग-विरगो से परिपूर्ण है। सभी जातियो के लोग अफीम खाते थे। आज भी ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, जाट, गूजर, माली, चमार सभी मे विवाह, मृत्यु, वार त्यौहारो पर अफीम खाने की रस्म अदा की जाती है। जालोर, सिरोही, जैसलमेर, बाडमेर, बोराट आदि जगह विशेष अवसरो पर अफीम ज्यादा खाई जाती है। सौराष्ट्र में विशेष अवसरो के अलावा माननीय प्रिय मेहमान के आने पर कसू वा गलाया जाता है। अफीम खाना मागलिक समझा जाता था। शुभ अवसरो पर, युद्ध क्षेत्र में जाते समय इसका खूब प्रयोग होता था।

आफू वाटण जोग पथ, सूग हदा काम।
कायर खडग न वावसी, रक न देवे दान॥

अफीम खाने वालो की कहानी आरम्भ करने के पहिले वडदाव उसी ढग के दिये जाते हैं। कहानी के बीच-बीच मे भी अफीम खाने का जिक्र आने पर अफीम का रग दिया जाता है। 'वडदाव' देना और 'रग' देना दोनो को ही प्रशस्ति पाठ कहना चाहिए पर कहानी मे वडदाव प्रारम्भ मे दिया जाता है और रग बीच-बीच में अफीम खाने का जिक्र आने पर। अफीम खाते वक्त पूरे समय तरह-तरह से रग दिया जाता है। अफीम के राजस्थानी में कई नाम हैं, अफीम, अमल, आफू, कसू वो, तिजारो और गाळवा आदि। अमल को रग देने की प्रणाली बडी दिलचस्प है।

रग उदैपुर रा राणा ने
रग रूपनगर रा ढाणा ने
रग मडोवर री वाडी ने
रग कोटटा रा घोडा ने
रग नीमाज रा किवाडा ने
रग मेडता रा अमरावा ने
रग जसवत री राणी हाडी ने
रग रूपादे मल्लिनाथ री राणी ने
रग सीता रा सत ने
रग लछमण जती ने
रग सोनगरा री आन ने
रग सायजादी री जवान ने
रग कुमळसीग रा दुपट्टा ने
रग सेरसीग रा लपेटा ने
रग हमीर रा हठ ने
रग महाराजा रा इस्ट ने

शूरा और प्रमियो को याद करके रग दिया जाता है ।

रग मधुमालती नेह जिकण निभाया
रग वीरमदे रजपूत जिके विणियासी मन भाया
रग खीवा वाळा राव आभल घर वैठा आई
रग ढोला रजपूत पदमण सारू पाई
पदम पुत्री रग छे पन्ना लोचन वीरम मो भाविया

लाखां फोजा मोड ने आप घरा ले आविया

जै कोई दातारी करो तो, जगदेव कीधी ज्यू करजो
जै कोई घोडा दौडावो तो, वगडावत दौडाया ज्यू दौडाजो
जै कोई दारू पीवो तो, वाघे कोटडियो पीधो ज्यूं पीवजो
जै कोई लुगाई घर धणी सू रूसणो करै तो
ऊमादे भटियाणी कीधो ज्यूं करजो
जै कोई लुगाई आप परख वीद परणो तो,
पातसा री सायजादी परणी ज्यूं परणजो
जै कोई लुगाई परणिया सू मन फाडो तो
पद्मा वीरमदे ने कहियो ज्यूं कै दीजो

वीच-वीच में दोहे वोल-वोल कर रंग को और रगीन वना दिया जाता है

रग रामा रग लछमणा, रग दसरथ रा कवराह ।
लंका लूटी सोवनी, आलीजा भवराह ॥
गढ ढाहण गोळा गळण, हाथिया दैण हमल्ल
मतवाळी घण माणता, आजो सैण अमल्ल ॥
परभाते पोता फिरे, भूरा डळा अमल्ल ।
भड दोनू भेळा हुआ, आसो ने रिडमल्ल ॥
अमल थू उणमादियो, सैणा हूदो मैण ।
तो विन घडियन आवडै, फीका लागै नैण ॥

आखिर अफीम कोई अच्छी चीज तो है नहीं । नशीले सभी पदार्थ शारीरिक और मानसिक शक्तियो का ह्रास करते हैं । इसलिए इसके

विपक्ष की दलीलें भी दी जाती हैं।

तीस बरस कुस्ती करी, पड गुड उथल्ल पुथल्ल।
थे दीधो गोडा तळे, अई हो मीत अमल्ल॥
गैले बहता गुड पडिया, अेलो अमली आप
ले ले करता लागियो, पैले भव रो पाप

सिरोही के किसी राजा ने अपनी रानी से अपने पार्वतीय प्रदेश आबू की प्रशंसा मे कहा

टूके टूके केतकी, झरणे झरणे जाय
आवू री छव देखता, अवर न आवे दाय।

उसकी रानी ने प्रत्युत्तर दिया कि जिस प्रदेश मे जौ जैसा अन्न और अफीम जैसा जहर खाने को मिलता है, जहा के दुर्गम पहाडो में पैदल चलना पडता है, ऐसे आबू पर्वत की हे प्रियतम, आपने अच्छी प्रशसा की,

जौ खाणा भखणो जहर, पाळो ज चलणो पथ
आवू ऊपर वैसणो, भलो सरायो कथ

अफीमचियो की दुर्दशा की कहानिया कहते समय कलाकार 'बडदाव' भी बडा व्यगपूर्ण देते हैं।

हाळ पुराणी हळ नवा, वैल ज माता मट्ट
कर रे पाडया चूरमो, जद माचे गहगट्ट

अफीमची मुर्दे की सी आवाज मे बोलता है,

ना राज ना राज
भैंसडलियां भवराळिया। सीगज अ वळा वट्ट
सावण आवे रिडकंती, जद माचै गहगट्ट
ना राज ना राज
घी गावो गुळ माळवी, गेंहू ज राता चट्ट
मसळ ने मैंदो करां, जद माचै गहगट्ट
ना राज ना राज
ऊंची मेडी सज रही, दिवलो घणो सुघट्ट
ढोला मारूणी पौढिया, जद माचै गहगट्ट
ना राज ना राज
तीखो पान तिजारियो, डोडी घणी सुघट्ट
घाल कटोरे दरमळा, जद माचे गहगट्ट

तिजारे का नाम सुनते ही आंख और नाक से पानी झरता अफीमची खुशी से चिल्ला उठता है

हवें राज हवें राज

लोक साहित्य में मानव जीवन के उच्च गुण और दुर्गुण सभी से सबधित कहानिया मिलेंगी। सभी प्रकार के मनुष्यो का चरित्र भी सुस्पष्ट मिलेगा। इन गीतो और गाथाओ मे जहा अफीम और शराव की प्रशस्तियां मिलेंगी वहा इनको सेवन करने वालो पर कटाक्ष और फब्तियां भी मिलेंगी और इनका जोरदार विरोध होगा। लोक गीतो और गाथाओ का मानव वडा खरा और साफ है। आदर्शवाद का

आडम्बर इस विशुद्ध मानव के पास टिक नहीं पाता। यह तो केवल मात्र मानव है। यहा जीवन का आधार मानवता है, अपने सु और कु को साथ लिये हुए। निर्णय इस मानव ने समाज पर और आने वाली पीढी पर छोड दिया है। इन गीतो और गाथाओ में मानव का यही उद्घोष मिलेगा कि मेरा स्वरूप यह है, इसमे से ग्राह्य को ग्रहण करो और अग्राह्य का त्याग करो। उस मानव का सारा सचित ज्ञान कोष इस साहित्य के रूप में हमारे सामने जागृत और जीवित है उस पुरातन मानव का लोक साहित्य धरा से अम्बर तक गूंजता रहा है और नैसर्गिक जीवन बिताने वाले निसर्ग के अङ्क तथाकथित अविकसित मानव के हृदय पटल पर पीढियों से लिखा चला आ रहा है। उस अविकसित मानव को विकास युग मे लाते समय हमें चाहिए कि नव सस्कृति में उसे रगते समय उस पुरातन मानव की पुरातन सस्कृति की धरोहर उससे छीन न लें। जिसे हम आदि मानव कहते है वह मानव आज की सस्कृति से दूर वनो में वन्य चराचरो और जड जीवो के साथ आत्मीयता की अनुभूति लिए रहता है। आज का नागरिक शेर की दहाड सुनकर अपने हथियार सम्भालता है या जान बचाकर भाग छूटता है। वहा इन वनवासी मानवो के बच्चे निर्भय हो विचरते हैं। हिंसक जानवरों को भी जो पारिवारिक जन बनाकर रहते है, वृक्षो और लताओ की गोदी मे जो पर्णकुटी बनाकर रहते है, जिनके अपने नाच रग हैं, अपने ही गीत एवं गाथायें हैं और अपनी ही नैसर्गिक परम्परायें हैं। उस बहादुर और अबोध मानव को अपने राग रग में रगते समय हमे ध्यान देना चाहिए कि हम उसकी सनातन निधि को उससे लूट कर न लें, नष्ट न कर दें।

अपने राजस्थान में ही लो, गाव के किसान का पाच छ वर्ष का बच्चा ऊट की नगी पीठ पर सवार हो, कोसो सरपट दौडाता चला जायेगा। उसको साइकिल पकडाते समय उसका ऊट हमे उससे छीन नही लेना चाहिए। उसको रामायण की कथा सुनाते समय उसके आदर्श रगीले वीर पाबूजी के आख्यान के ज्वलन्त चित्र उसके हृदय मे धो नहीं डालने हैं। इनकी अपनी मान्यतायें, परम्परायें और आदर्श को जीवित रख कर हमे इनको आधुनिक युग का बोध कराना चाहिए। इनकी अपनी एक सस्कृति है जो मानवता के ज्यादा नजदीक है। इनकी अकृत्रिमता हमें छोडनी नही चाहिए। इनकी स्वाभाविकता और सादगी कितनी क्षमताशील है। आज भी उच्चकोटि के कलाकार इस नगे मानव को ही अपनी तूलिका का साधन बनाकर चित्रो द्वारा सच्चे मानव की और मानता की अभिव्यक्ति करते हैं। इन वनवासियो को और ग्रामवासियो को हमने फ्रॉक और पेन्ट पहिना दिए तो कलाकारो के तो मॉडल ही नष्ट हो जायेंगे।

लोक गाथायें, विभिन्न युगो की समाज व्यवस्था पर बडा अच्छा प्रकाश डालती है। समाज मे जो कुछ भी बुरी भली मान्यतायें और परम्परायें रही उनको ज्यो का त्यो लोक गाथाएं बताती रहती हैं। न वे उन पर आदर्शों का मुलम्मा चढाती है और न सिद्धान्तो का आवरण ही डालती है। लोक गाथायें तो स्वच्छ दर्पण है जिसमे समाज का प्रतिबिंब जैसा भी है साफ स्पष्ट दिखाई देता है।

इस पुस्तक की पहिली कहानी है, लाखो पूलाणी। यह कहानी मध्य युग के राजपूत काल की एक सच्ची तस्वीर है। उस युग में बाप को

मारने वाले से प्रतिशोध लेना बेटे का परम पुनीत कर्तव्य था। यह प्रतिशोध लिए बिना उसे न इस लोक मे स्थान था और न उस लोक मे। लाखा, अपने बहनोई को मारकर उसका पाणीपन्था तेज चलने वाला घोडा हथिया लेता है। उसी बहनोई के पुत्र और अपने भानजे राखायच को लाखा अपने पास रखता है। पुत्र से भी बढकर वह राखायच को प्यार करता है। बडा होने पर राखायच, लाखा से अपने बाप का प्रतिशोध लेने को उद्यत हो जाता है। लाखा स्वय भानजे के इस उत्साह की प्रशसा करता है। लाखा कहता है "भानजे,तुम सपूत हो जो मुझे मार कर बाप का प्रतिशोध लेने को कटिबद्ध हो गए हो। आओ, मैदाने जग मे हमारी तलवारो को अपना जौहर दिखलाने दो।"

इस झगडे का कारण होता है, एक घोडा। घोडे को लेकर राजस्थान में बडे बडे काड होते रहे हैं। उस काल में राजस्थानी वीर की प्रिय-तम वस्तु और सम्पदा होती थी उसका घोडा। परिजनो से भी ज्यादा प्यार वे अपने घोडे को करते थे। अच्छे घोडे को पाने के लिए अपने सिर की बाजी लगा देना उस समय साधारण सी बात थी। विवाह मडप में पावूजी ने तीन ही भावरें ली थीं कि केसर घोडी के लिए गठजोडे का बन्धन खोल, रणक्षेत्र में जूझ मरे।

"दरियाई घोडा सू उपनियो नौलखा या पाणी पन्था" घोडो की चर्चा प्राय राजस्थानी लोक गाथाओ मे मिलती है। अच्छे, मजबूत घोडे की पैदाइश के बारे मे लोक वार्ताओ मे इस प्रकार का जिक्र आता है। किसी सरदार की घोडी समुद्र या सिंघ समुद्र की तरफ गई, रात को समुद्र से दरियाई घोडा निकला और उसके सयोग से घोडी

के नौलखा बछेरा पैदा हुआ जो पाणी पन्था था। पृथ्वी पर तेज चलने वाला यह घोडा पानी में भी उतनी ही तेजी से तैर कर मार्ग तय कर लेता था। ऐसा घोडा मिलना दुर्लभ होता था। उसे प्राप्त करने के लिए लोग कट मरते थे। एक ऐसे ही घोडे को लेने के लिए लाखा ने अपने बहनोई को धोखे से मार डाला था।

"चातर नार" मे ठगो का जिक्र आता है। गाव ही पूरा ठगो का है। आने जाने वाले सम्पन्न यात्रियो को ठगना ही जिनका पेशा है। लोक साहित्य समाज का दर्पण होता है। इसके अनुसार यह कहानी भी किसी समय देश में फैली हुई और बढी हुई ठगी की ओर सकेत करती है। एक समय था जब देश में ठगी पूरे जोरो पर थी। गाव के गाव ठगों के थे। उनका पेशा ही ठगी करना था। यात्रियो के सामने ठगो से अपनी और अपनी सम्पत्ति की रक्षा करना एक बडी समस्या थी। ये ठग यात्रियों को अपने घरो मे ठहरा कर माल लेकर निकाल देते थे, खून कर देते थे। विभिन्न प्रकार के इल्जाम लगाकर उनको दोषी प्रमाणित कर देते थे। ठगो के कारण यात्रा आपदाओ से भरी हुई होती थी। ईस्ट इण्डिया कम्पनी के समय में तो ठगी बहुत ज्यादा बढ़ गई थी। यहा तक कि ठगो की सेना तक बन गई थी। गवर्नर जनरल विलियम बैन्टिक ने ठगी समाप्त करने के लिए बडा परिश्रम किया। राजस्थान मे भी ठगी और ठगो का कुछ समय जोर रहा। यहा तक कि शादी ब्याह मे ठग ठेका लेने लग गये कि इतनी रकम हमें देने पर कोई नुकसान नही होगा। फिर नुकसान के जिम्मेदार वे होते।

एक ऐसी ही ठगी का किस्सा मैंने अपने एक बूढे सरदार के मुह से

सुना। उनके पिता, मेरे दादा रावत किशनसिंहजी देवगढ के साथ झालावाड की शादी मे सम्मिलित थे। वारात अलवर महाराजा साहिब की आई थी। रास्ते में दो सफेदपोश आदमी, वारात के मुन्तजिम से मिलने आये और वारात की कीमती चीजो की खैरियत के लिए दस हजार रुपए मागे। वारात के मुन्तजिम ने रुपए देने से इन्कार कर दिया तो जाते वक्त वे सफेदपोश चेतावनी देते गए कि अब आपकी आप जानें। अपना माल सम्भाल कर रखें।

झालावाड शहर के बीच में जिस समय हाथी पर चढकर अलवर दरवार दूल्हा वन, ब्याह के लिए जा रहे थे उस समय हाथी के पेट के नीचे घुसकर, हाथी को पहिनाये हुए मोतियो के जेवर की डोरिया काट कर सफाई के साथ लेकर वे चलते वने। दूसरे दिन मुन्तजिम को कागज मिला, "हमारा मुजरा अर्ज हो।"

राजस्थान मे भी कई गाव हैं जिनमे ठग वसते हैं। ठगो की एक जाति है जिसे 'वेद' कहते हैं। इनका पैतृक पेशा ही ठगी करना है। पीढ़ियो से ये ठगी करते आये हैं। अपने वाप दादो की ठगी के चमत्कारो का गौरव से वर्णन करते है। दूर दूर ये ठगी के लिए जाते हैं। देवी के वडे भक्त होते हैं। शकुनो मे इनका अटूट विश्वास है। शकुन शास्त्र के अलावा इनके अपने खास शकुन होते है। इनकी अपनी सांकेतिक भाषा है। जिन गावो मे ये रहते थे, उन गाव के स्वामियो का इन्हे सरक्षण प्राप्त था। ठगी मे लाये हुए सोने आदि पर ये ठिकाने कर वसूल करते थे। मेवाड मे देवगट के और मारवाड मे सिरियारी और गुढा के ठग मशहूर थे। हमारे अपने गाव मे ठगो के चालीस घर हैं। जिनका पैतृक

पेशा ही ठगी करना था। इन ठगो की और इनकी ठगी की कहानिया कही जाती हैं। मेरे बचपन तक इनसे लाए हुए सोने पर हम कर लेते थे। तोले के साथ एक या आधी रत्ती कोतवाल और प्रधान का कर वसूल किया जाता था। पहिले ये मेहनत करके कमा कर खाना अपने सम्मान के खिलाफ समझते थे। ये ठग चोरी करना भयकर पाप समझते थे और ठगी करना परम पुनीत पैतृक कर्त्तव्य। अब इन्होने अपने खेत आदि खरीद लिए हैं। खेती आदि का धन्धा करने लग गए हैं।

खापरिया चोर की अनेक बातें कही जाती हैं। खापरिया चोर इतना प्रसिद्ध हुआ है कि नामी होशियार चोर का विशेषण ही खापरिया बन गया। पहाडो की कई गुफायें अथवा छिपने योग्य सुन्दर गुप्त स्थानो के बारे में वहा के स्थानीय लोगो में यह विश्वास चला आता है कि यह खापरिया चोर की गुफा है। राजस्थान मे कई ऐसे स्थान हैं जो खापरिया चोर के नाम से सम्बन्धित है। चोरी भी एक कला मानी गई है। इस कला का खापरिया उस्ताद था।

खापरिया पक्का चोर है जुवारी भी है पर साथ ही उसके चरित्र मे कुछ विशेषतायें भी हैं। वह एक हवेली में चोरी करने घुसता है। कटी हुई ककडी के टुकडो के साथ मिला हुआ नमक भूल में खा लेता है। उसी समय चोरे हुये जेवरो की पोटली को वहीं छोड बाहर निकल जाता है। जिसका नमक खा लिया, उसके चोरी नही की जाती। खापरिया जुआ खेलता है, बाजी पर राजा सिद्धराज का करोडीधज घोडा रखता है। बाजी हार जाने पर वह करोडीधज घोडा चुराकर देने को जाता है। रास्ते मे पृथ्वी को फाडकर एक अद्भुत मदिर को

निकलते हुये देखता है। उस अनुपम कलाकृति को देखकर खापरिया मुग्ध हो जाता है। सोचता है, सिद्धराज भी अनुपम मदिर बनाने की उत्कट इच्छा रखता है। उसकी इच्छानुसार अभी तक कोई नक्शा नही बना सका। यदि वह इस अनुपम कलापूर्ण मन्दिर को देखले तो उसके जीवन की साध पूरी हो जाये। खापरिया राजा के प्रिय घोड को चुराकर आया है, पकडे जाने पर उसे प्राण दण्ड दिया जा सकता है। लेकिन खापरिया चोर का अपना एक व्यक्तित्व और ऊचे दर्जे का चरित्र भी है। वह चुराये हुये उसी घोडे पर सवार हो राजा के पास जाकर उस अद्भुत मन्दिर की बात कहता है और राजा को साथ लाकर दिखलाता है। राजा के पूछने पर जुवे मे करोडीधज को बाजी पर लगाने का और चुराने का हाल साफ साफ कह सुनाता है। उसके इस चरित्र पर राजा भी प्रसन्न हो अपना प्यारा घोडा खापरिया को दे देता है।

पद्मसिहजी की बात मे एक जती के वशीकरण सुरमा बनाने का वर्णन है। इसी भाति अनोखा कवरजी मे एक जोगी का जिक्र आता है। उसके अपना डडा फटकारते ही दो गुलाम भूत आ हाजिर होते और उनसे वह मनमानी, बुरी भली चाकरी लेता, वे गुलाम भूत दु खी हुय उसके बुरे भले हुक्म की तामील करते। सदियो तक हमारे समाज में इस प्रकार के अन्धविश्वास प्रचलित थे।

एक समय था जब जोगी जतियो के इस प्रकार के छल छद्मो से जनता डरती थी। उनके धर्माचरण के पीछे अनेक प्रकार के पाखण्ड और ढोग चलते थे। लोक साहित्य इन जतियो तथा धर्म गुरुओ के अन्याय

और अत्याचार की गाथाओं से भरा पडा है। स्त्रियो के साथ अत्याचार के किस्से ढोगी साधुओ के साथ जुडे हुये हैं। कई साधुओ की अलौकिक शक्ति और उनके अत्याचार की धाक ऐसी जमी हुई थी कि उनके नाम से स्त्रियां कापती थी। लोक साहित्य जन जन की जिव्हा है। वह विना लाग लगाव के स्पष्ट वात कहता है। उसने इन अत्याचारो के खिलाफ आवाज उठाई ऐसे लोगो को मारने मे भी पाप नही।

"छाछर, मांछर, जूं, जती, या ने मारियां को पाप नथी।"

कवि करणीदानजी ने भी इन जतियो के ढोग और अत्याचार देखकर 'जतीरासा' नामक एक ग्रन्थ रचा था। वाद मे एक सदाचारी जती के कहने पर अपने हाथ से ही उस ग्रन्थ को जला डाला था।

जतियो की मन्त्र तन्त्र की शक्तियो के वारे में वहुत कुछ कहा जाता है। कई मन्दिर, चट्टानो पर या दुर्गम स्थलो पर अवस्थित हैं। इन मन्दिरो के लिये यही कहा जाता है कि ये अमुक अमुक समय में किसी जती के उडा कर लाये हुये हैं। कोई जती मन्दिर उडा कर लेजा रहा था कि रास्ते में ही सवेरा हो गया और मुर्गा वोल गया इसलिये इसको यहीं रख देना पडा। मन्त्र वल से आकाश से तारे उतारने की वातें भी वहुत कही जाती हैं। वडे विस्मय की वात है कि आज के विकास युग में भी हमारे देश में ऐसे ऐसे अन्धविश्वास प्रचलित हैं।

दो साल पहले मेरा एक राजस्थानी गाथा सग्रह "मांझल रात' नाम से निकला था। इसे विद्वानो एव साधारण जन समाज ने वडा पसन्द किया। विद्वानों और साधारण पढे लिखो ने ही नही बल्कि दूसरो से

पढवाकर सुनने वाले अनपढ़ लोगो तक ने मुझे आग्रह किया कि मैं अपनी राजस्थानी कहानिया और प्रकाशित करवाऊ । इस राजस्थानी प्रेम से मैं वहुत ज्यादा प्रभावित हुई। लोगो में अपनी मातृभाषा राजस्थानी के लिये प्रेम जागृत हो रहा है। वास्तव में इन कहानियो मे जो ओज और माधुर्य है वह तो राजस्थानी जीवन एव भाषा की अपनी ही मौलिक देन है। मैं तो केवल निमित्त मात्र हू।

राजस्थान के लोक जीवन में प्रचलित लोक गाथाओ के आधार पर मैंने वहुत सी कहानिया लिखी हैं उनमें मे सोलह कहानिया इस प्रकाशन में प्रकाशित की जा रही हैं।

लक्ष्मीकुमारी चूण्डावत

डॉ० टैसीटोरी रो परिचै

इण पोथी ने मैं डॉ. एन पी टैसीटोरी ने भेंट कीधी इणं सारू टैसीटोरीजी रो थोडोक परिचै दे देणो भी जरूरी समझूं।

टैसीटोरीजी रो जनम इटली रा उदीने नाम रा गाव में व्हीयो। वालपणा सू ही उणा ने हिन्दुस्तान सू घणो प्रेम हो। वा इटली में ही भारतीय भासावा पढ़णो सरू कर दीवो। ,सस्कृत, अपभ्रम, प्राकृत, हिन्दी, गुजराती, राजस्थानी भासावा वा पढी। राजस्थानी भासा पढता ही वा ने राजस्थान ही राजस्थान दीखवा लागियो। वे सपना ही राजस्थान रा देखण लागिया।

भगवान जाणे आगला भव रा वे राजस्थानी हा के काई। टैसीटोरीजी इटली सूं जहाज मे चढ ववई उतर राजस्थान में आया, राजस्थान में पग दियो न तो वे सदा सारू राजस्थान रा ही वण गिया। वा रा रूम रूम मे राजस्थान रो रग रम गियो। राजस्थान री रज रज में टैसीटोरीजी ने राजस्थान रा सूरमा री सासा री सुगध आवती। वैवता वायरा रा सणणाटा मे उणा ने घोडा रा हणणाटा अर तरवारां रा झणणाटा री जूनी वातां सुणीजती। टीवा रे माथे ऊगता चांद मे,

आथीजती कीरतिया रा भूमका मे टैसीटोरीजी ने भूमल रा, सोरठ रा पळका पडता दीखता। आजस सू माथो ऊचो करियोडा चित्तौड अर रणथभोर रा किला ने देखता देखता टैसीटोरीजी जागता थका ही सपना में गम जाता।

राजस्थान में आवता ही वा आपणे व्हाला विषय, राजस्थानी साहित्य पै काम करणो सरू कीधो। रात दिन सरदी गरमी री परवाह कीधा बिना वे साहित्य री साधना मे लाग गिया। राजस्थानी साहित्य में उणा ने आपरा इस्ट रा दरसण व्हेता। रात दिन डिंगळ साहित्य री खोज रा काम में लागिया रैवता। चौईस घडी वा रो काम हो ग्रन्थां ने भेळा करणा, उणो री विवेचणा करणी, अनुवाद करणो अर छपावणो। वा राजस्थानी भासा रो खूब अध्ययन कीधो। गामा रा आदमिया साथे वे घडाकावद राजस्थानी वोलता। कोरा वोलता ही नी राजस्थानी भासा रा अस्या विदवान हा के गुजराती अर राजस्थानी भाषा री व्याकरण वणाई। उणा री वणायोडी व्याकरण आपरा ढग री, वैज्ञानिक ढग सू वणायोडी, पेल परथम व्याकरण ही। इण व्याकरण सारू भासा सास्तर रा महापिंडत डॉ० सुनीतिकुमार चटर्जी आप री एक किताव में लिखियो के "डॉ० टैसीटोरी री व्याकरण ने राजस्थानी अर गुजराती भासा तत्व री नीव कैवणी चावै।"

"खडिया जगा री वचनिका" नाम री डिंगळ मे लिखियोडी नामी पोथी ने टैसीटोरीजी हाथ री लिखियोडी वारह प्रतिया री जांच कर, आलोचना अर ससोधन सूधी, वगाल री एसियाटिक सोसायटी सू छपाई।

राठौड प्रिथीराजजी री क्रिस्न रुकमणी री वेली रो जो पाचवो वेद ने

उगणीसवीं पुराण मानी गी है; संपादन कीधो। "छद राव जैतसी रउ" रो ही सपादन कीधो। इण तरै सू घणी घणी पोथिया रो संपादन, खोज, विवेचना, संसोधनात्मक आलोचना कीधी। बीकानेर रा जूना पोथीखाना री जूनी पोथिया रो पहलडो कैटलॉग ही टैसीटोरीजी री मेहनत रो फळ है'। टैसीटोरीजी री घणी सारी पोथिया अर लेख इटली लंदन अर कलकत्ता सूं छपिया है।

टैसीटोरीजी ऊट पै चढ, टीबा पै डेरा ताणता, जोधपुर, बीकानेर राज रा गांमा गांमा में खोज करता फिरिया। बीकानेर राज रा अजबघर में टैसीटोरीजी री खोज री सामग्री, सिक्का, मूरतियां, भाडा रा टुकडा, टेराकोटाज पडिया है। तपती लूवा में वा टीबडां में जाय जूनी देवळियां रा, छतरिया रा, मिंदरा रा सिलालेख पढिया, वा री छापा लाया, राजस्थान भारती रो भडार भरियो। साहित्य री सोध रो काम जो टैसीटोरीजी करियो उण रो तो आप रो मोल अमोल है।

राजस्थानी भावना अर राजस्थानी साहित्य रो ओ अमर प्रेमी राजस्थान रा गीत गावतो गावतो राजस्थान री माटी में मिल गियो। सन् १९१९ में बीकानेर में टैसीटोरीजी आप री अमर ख्याति छोड देवलोक व्हे गिया। जो परम्परा आंपणा राज मे वा राखी, जो गैलो अर दिसा आपां ने बताई उण सारू आखो राजस्थान वा रो अहसानवद है।

साची वात तो या है के आंपणा राजस्थान राज री मातृभासा अर साहित्य ने संसार रे मू डागे लावा रो, बिखरियोडा सूत्रा ने एक वध मे बांधवा रो, राजस्थान रा साहित्यिक जग रो आरभ करवा रो श्रेय डॉ० टैसीटोरीजी ने है।

सीटोरीजी सूं प्रेरणा पाय राजस्थान रा विदवानां, घर हीज छिपियोडा अर गुमियोडा डिंगळ साहित्य री कानी ध्यान दीधो । राजस्थान रा, राजनीतिग्यां रो, विदवानां रो, साहित्यकारां रो, साहित्यिक संस्था रो अर लेखकां रो ओ धरम है के वे आप आप री सरधा सारू आप रे राज रा जूना, मानैता, साहित्यकारां ने मान दे, इज्जत दे । उणा रा स्मारक बणावे, समर्पण करै, श्रद्धांजळिया चढ़ावे, वरसिया मनावे । उणा ने मान देवा मे आपणे प्रात री, प्रातवासिया री अर देस री इज्जत है । जो जात, समाज, देस आपरा साहित्य री अर साहित्यकारां री कीमत नी समझे वे माथो ही ऊचो नी कर सके ।

लक्ष्मीकुमारी चूण्डावत

फेरिस्त

क्रमांक	वातां रा नाम	पाना
१	लाखो फूलाणी .. .	१
२	हरामखोर री मूंडकी	६
३	अकल री पोसाक	२५
४.	पलक दरियाव . .	३१
५	खापरियो चोर	५४
६	अनोखा कवरजी	६२
७.	रूद्रमाळो मिंदर . .	७६
८	चातर नार	८५
९.	खोटा रो फळ खोटो . ..	९१
१०	अकल बादर	९८
११	मृत्युफळ के अमरतफळ	१०४
१२	जग कैंता जगमाल	१०९
१३	पदमसिंघजी री वात	१२२
१४.	सोवते असर	१३१
१५	अकलवद सेठाणी	१३९
१६	खुदाय बावळी	१४६

कैरे चकवा वात

बीजजी बोलिया, "पाटण रो रैवासी, हसजी रो बेटो हूँ।"

नाम सुण खवास उठ मुजरो कीधो। दौड़ियो दौड़ियो जाय लाखो फूलांणी ने कहियो, "आप बाईसा रा नाळेर पाटण रा बीजजी रे भेजवा री सोच रिया हो, बीजजी तो अठै पधारियोडा है।"

लाखो फूलाणी झट बीजजी कनै गिया। घणी खातर कीधी। आपरी बेन पेमकवर रा नाळेर भेलाया। आछो मोरत कढ़ाय परणवा ने आवा रो हूँकारो भर बीजजी पाटण आया। सावा माथै जान चढ़ाय मूळराजजी, बीजजी नै बीद बणाय आया। लाखो फूलाणी जान ने दरियाव पै जहाजां री सैल करावा ने लेगिया। जहाज में बैठ, लाखो फूलाणी आपरा चरवादार ने कहियो—

"म्हारी घोडी ने, म्हां नी आवां जठा पैलां मीठो पाणी पाय ले आव।"

चरवादार तो घोडी पै चढतो ही चाबको वाह्यो। चाबका रो सडाको जहाज में बैठियोडा सारा सिरदारां सुणियो।

मूळराज सडाको सुणतां ही माथो धूणियो, "अरे नालायक, गजब कीधो।"

लाखोजी पूछियो, "काई व्हीयो।"

मूळराज बोलिया, "चरवादार ने माफ करो तो कैवू।"

"माफ कीधो, फरमावो।"

"लाखोजी म्हूं आंख रो तो आंधो हूँ, पण हियारो सूझतो हूँ। आपरी घोडी सूवर है। ईं रा पेट में बछेरो है नवलखो, नामी बछेरो व्हेला।

दरियाई घोडा रा पेट सूं उपनियो पाणीपन्थो वछेरो इण रे जनमेला। पण ईं चरवादार चावको अस्यो अवको मारियो के पेट मांयला वछेरा री डावी आख फूटगी।"

मूळराज री वात सुण सगळा ने अचभो व्हीयो।

लाखो फूलांणी वोलियो, "वो वछेरो डायचा में आपरे ही नजर करालां।"

घोडी पूरा दिना सूवर ही। थोडाक दिना में ही वछेरो जनमियो। साचैं ही आख सू काणो। वीजजी वछेरो माग आप रे पाटण ले आया। वछेरा ने वागडोर मे ले फेरवा लागिया। घोडो चालतो अस्यो जाणे पाणी रो रेलो चालियो। पेमकंवर आप रे पीहर हा। वीजजी ने ओळूं आई। सांझ रा नवलखा काणा घोडा ने खोल सासरे सिंध चालिया। पाटण सूं १०५ कोस दूरी। रातूं रात सासरे जाय दिनं ऊगा पाछा पाटण आय वळिया। अवै वीजजी रोज रात ने सासरे जावे। घडी दो घडी रमखेळ पोह फाटता रा पाटण आय पूगै।

लाखे फूलांणी ने खवर पडी, वीजजी रोज रात ने १०५ कोस चाल ने आवे पाछा एक सौ पाच कौस काट ने घोडो दिन ऊगां पैला पाटण पूगाय दे। अस्यो घोडो अर वी री या चाल देख लाखो फूलाणी रे मन में पाप आयो। ईं घोडा ने आपां राख लां। राखै कींकर! वीजजी ने मारियां विना घोडो कवजा में आवे नी। लाखो फूलांणी विचार कीधो "वाई रे एक वेटो व्हे जावे, वीं रे विसास व्हे जावे तो वीजजी ने मारला।"

जळवा पूजी, वीजजी ने बुलाया। वीजजी घणा हरख कोड सूं आया। रात ने सूता लगा वीजजी ने लाखो फूलाणी मराय दीधा। घोडो आपरे राख लीधो। वीजजी रे मरवा री खबर सुण पाटण सूं मूळराजजी वगैरा साखला घणा ही चढ़ न आया। पण लाखो फूलाणी आगे कोई जोर चालियो नी। साखला वैर लेवाने हाथा रे बटका भरे पण लाखो फूलाणी रो जबरो राज कोई जोर चाले नीं।

भाणेज राखायच ने लाखो फूलाणी आपरे कनै राखै, घणां लाड राखै, ससतर विद्या सिखावै।

लाखो फूलाणी री आदत ही के रात ने रोजीना सूवे जद जोर सूं वाग मारै पछै झट सोय जावै। सगळा जणा लाखा जी री ई आदत पे अचभो तो करे मण पूछवा री हीमत कणी में ही नी।

मिनखा एक दिन राखायच ने सिखायो, "मामाजी थारा घणा लाड राखै, थारो कहियोडो टालै नीं। था पूछो के सूवती वेळा वे वाग क्यूं पाडै।"

एक दिन आछो मौको देख राखायच पूछियो, "मामाजी आप रात ने रोजीना सूवती वखत वाग क्यूं पाडो। म्हनें भेद बतावो।"

लाखोजी मन में जाणियो, जरूर ई ने कोई सीखायो है।

बोलिया, "भाणेज, थनै कालै बतावू ला।"

दूजै दिन मामा, भाणेज ने ले दरियाव में जहाज में बैठ न गिया। आगै एक भाखर आयो, लाखोजी भाखर रा एक रूख रे तीर री मार बोलिया, "भाणेज वो तीर जाय न ले आवो।"

राखायच ज्यू ही जहाज सूं हेटो उतरियो, लाखोजी जहाज चलाय वहीर व्हेगिया।

राखायच कहियो, "मामाजी, आछो धोखो दीधो।"

अबै करै तो काई ?

भाखर में विसराम री जगा जोवण लागियो। एक गुफा दीखी, मायने वळियो। आगै देखे तो ढोलिया पै एक मृतक सूतो। ढोलिया रे चारूं पागै चार अपछरा वैठी चवर कर री।

राखायच ने देखता ही अपछंरा वोली, "भाणेज आया, राखायच भाणेज भला पधारिया, आओ वैठो।"

'मामीजी' कैय, राखायच वासूं मुजरो कर नीचो वैठियो। ढोलिया पै पडिया मृतक रो उणियारो लाखाजी सू मिलै।

राखायच ने विचार में पडियो देख अपछरा वोली, "आ लाखोजी री दूजी देह है। रात नै वाग मार लाखोजी सूवे जद वांरो जीव ई देह में आय जावे। वे जीवता व्हेय अठे रात ने म्हारे नारै रैवे। वाग नीं मारे जतरे या देह मृतक पडी रैवे।"

राखायच पूछियो, "मामाजी अमर है काई।"

अपछरा वोली, "वे सीहा राठौड रा हाथ सू मरेला, नीं तो वे अमर है।"

राखायच पूछियो, "था रो वर लाखेजी रे मर्‌या पछै कूण व्हेला।"

अपछरा बोली, "जो आपरा बाप रो वैर लेवतो मरेला वी ने ही म्हां वरांला।"

राखायच बोलियो, "मामाजी सूं म्हाने म्हारा बाप रो वैर लेवणो है। म्हूँ वैर ले तो मरू तो ?"

अपछरा कहियो, "तो म्हां थांने वराला।"

राखायच वठे सोयगियो। सूत्योडा ने अपछरां जाय लाखेजी रा मेहलां में छोड आई। दिन उगा मामाजी सू मुजरो करवा गियो।

मामाजी पूछियो, "भाणेज, अबै जाणियो, म्हूँ रात ने वाग क्यू मारू ?"

"हा मामाजी, जाण गियो।"

अबै राखायच वैर लेवा री सोचे। पाटण गियां विना काम नी चाले। वी सोची जे नोलखो घोडो हाथ लागै तो कुटुम्ब रा लोगां सू मिल वर लेणे रो परवन्ध करू।

लाखोजी नवलखा घोडा नै सात परकोटा में वाघ ताळो जड कूची आपरा धनै राखै। घोडो हाथ आवे नी। एक दिन लाखोजी अमला में चाक व्हेयरिया। कूची आप रा भरोसा रा खवास ने देय सोय गिया। अबै राखायच पेट दुखायो, हाका करै, गुळोटा खावै।

खवास पूछियो, "दवा दारू करा, वैद वुलावा।"

राखायच कह्यो, "नी म्हारे तो ई कूची रा पेट पै डाम दो तो पेट दुखतो रैवे।"

खवास कहियो, "भली वात, झगझगती वासदी में कूची ने तपाय लाल बूद कर राखायच रा पेट पै छैंट दीधी। राखायच रो पेट दूखतो रैंगियो। वळ वळती कूची रा गुल दीधा, जो पाकिया, थोडा दिनां में ठीक व्हेगिया। अवै कूची रो निसाण यूं रो यू राखायच रा पेट पै मंड गियो। राखायच एक हुसियार लुहार ने कहियो, "या निसाणा ने देख असी री असी कूची घड दे।" लुहार कूची घड दीधी। रात ने ताळो खोल राखायच नवलखा घोडा पै जीण कस पाटण पूगियो।

मूळराज सू जुहार कीधो, "म्हारा वाप रो वैर लेवा सिंध आग्रो। लाखेजी री मौत सीहा राठौड रा हाथ सू लिखी है जो वीने लै न या आवजो।"

वैर लेवा री मिसलत कर राखायच दो घडी रात रेतां पाछो परो गियो। घोडा ने ठिकाणे वाध सोय गियो।

परभाते लाखाजी घोडा ने सभाळवा जावे। रूमाल सूं घोडा ने पूछ न झाटके तो रूमाल धूळा सू भरयो।

लाखोजी कहियो, "या रज तो पाटण री, जरूर भाणेज परवार सू सल्ला करण ने गियो।

लाखोजी दरवार मांड न वैठिया। राखायच आय न मुजरो कीधो।

लाखाजी पूछियो, क्यू भाणेज ? सांच वोलजो, पाटण गया के ? कचीला सू मिल आया ?"

राखायच साच वोलियो, "हा मामाजी पाटण गियो मूलराज स

मिलियो, वाप रा वैर लेवा री तैयारी कर रियो हूँ।"

लाखाजी वोलिया, "घणी आछी वात है वैर लेवो जो चोखो पण मूळराजजी ने पूछियो के नी वैर लेवा ने सिंध पै चढ न आया जद पाछा गाडरा ज्यू भागता गिया।"

राखायच वोलियो, "लडवा वाळा जीते ही है मोको आया भागै ही है, या तो कोई मेहणा री वात नी। हार जीत तो व्हेती ही आई।

घणा मेहा मदर चुवै, भूपति ही भाजत।
वेदा ही री राड हुवै तैरू डूब मरत॥

लाखोजी कहियो, "था सपूत हो जो वाप रो वैर लेवोला। म्हाने तो खुसी है के था अस्या जोगा निकळिया।

आ केय लाखोजी छाना रेगिया। महिना दो महिना वीतिया। मूळराजजी सीहा-ी ने लेय चढ आया। जोर रो जुद्ध व्हियो। सीहाजी रा हाथ सू लाखोजी मारिया गिया। वाप रो वैर लेवता राखायच ही मारियो गियो। अपछरा वेमाण में वैठाय राखायच ने लेयगी।

हराम खोर री मूंडको

एक गांव में एक पटेल। दानो, स्याणो आदमी। पटेलण ही समझणी लुगाई। एक दिन रोटिया पल्लती पल्लती पटेलण बोली,

"थांरा हाथा सूं घणा ही चोखा चोखा काम व्हीया है, काज करियावर, ब्याव सादी, नाणां नुकता। पण एक गगोज री मन में रैय री है। जो था तीरथ कर आवो तो गगाजळ वापर, आ ही मन री काढ लां।"

पटेल बोलियो, "पटेलण वात तो साची की। म्हारा मन में ही तीरथ करवा री है। आज थें भलो विचार कीधो।"

पटेल सोचवा लागियो, "लारे किण ने ले जावूं ?"

पटेलण बोली, "आंपणां नाई ने।"

पटेल नाई ने पूछियो, "तीरथां जाय रियो हूं। साथे चाल।"

नाई बोलियो, "पटेला, घरे काम है। ब्याव सावा आय रिया है।"

पटेलण कहियो, "खवासजी, ब्याव सावा आय रिया है तो काईं ? थारै घरे तो मनख है काम करणिया।"

"घरै नायण ने पूछ, थांने जवाव दूला।"

"ठीक।"

नाई घरे जाय नायण ने कहियो, "पटेल तो तीरथ जाणे रो मतो कीधो है। म्हेन लारे चालवाने कँ रिया है।"

नायण बोली, "भली बात। थांई जाय आवो।"

"हूँ, व्याव सावा मड रिया है। पँदा रा दिन है, कठे जावू।"

नायण कहियो, "व्याव सावा रो कांई सोच करो, घणो ही काम निवेड़ाला, था जावो। हाडकिया खोळ आवो। घडी घडी रा अस्या मौका थोडा ही आवे।"

नाई रो मन तो नी पण नायण जोर दीधो। नाई आय ने पटेल ने कहियो, "पटेला, लारे तो आय जावू ला, पण म्हारी एक सरत है।"

"बता, कांई सरत है?"

"सा, सरत आ है के आपां देस विदेस, घणी घणी चीजां देखांला, वठे जे कोई नवी बात देखण में आई तो म्हूँ थांने वीं रो अरथ पूछू ला। थां अरथ बताय दीधो तो ठीक, जे नीं बताणी आयो तो म्हूँ वठा सू ही ज पाछो फिर जावू ला। आगे पांवडो एक दू नीं।"

पटेल बोलियो, "ठीक, मानी थारी बात। चाल तो सरी।"

पटेल घोडी पँ बैठ गियो, लारे लारे नाई व्हेगियो। दस बीस कोस चालिया न एक सहर आयो। जाय धरमसाळा में उतरिया। घोडी ने बाधी। पटेल आटी मे सू रिपिया काढ नाई रे हाथ मे दीधा,

"घोडी रे दाणो, घास ला। आपां रे सारू ही आटो सामान ला।"

नाई सामान लेवा ने सहर में गियो। सहर मे फिरियो। कठै ही कोई नवी वात देखूं तो जाय पटेल ने पूछू। वां सू नी बतावणी आवे तो वाछो घर रो गैलो पकडू। नाई फिरतो फिरतो कोटवाळी चूतरा कने निकळियो। उणने नवो आदमी देखतां ही कोटवाळी रे सिपाही रोकियो।

रोक ने कहियो, "यो जूतो पडियो, ई वकरा री मूडी पै मार दो जूता री।"

नाई देखे तो सवा हाथ लांवो तो जरवो लटक रियो। चुतरा पै वकरा री मूंडकी पडी।

नाई पूछियो, "क्यूं जूता री दिरवावो सा इण रे?"

सिपाही वोलियो, "क्यू भसवाड करे। मार थारा वाप रे दो जरवा री नीं तो थारा माथा परै ही ज इण जरवा री पडेला।"

"आ लो सा, दो नीं अर चार जरवा लो। म्हारो कांई विगडै। आ कैय नाई तो ले जूतो फडाफड वकरा री मूडकी पै मारी।"

सिपाही कहियो, "वस जा अवै।"

नाई मन में घणो राजी व्हीयो। आ नवी वात देखी है। पटेल ने ई रो अरथ पूछ वां ने मियानो देणी आवेला नीं अर म्हारो लारो छूट जाही।

